Title: Need to set up a heavy industry in Lalganj Parliamentary Constituency, U.P.-Laid

श्री दरोगा प्रसाद सरोज (लालगंज): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र लालगंज, उत्तर प्रदेश में कोई भारी उद्योग नहीं है और न ही कोई ऐसा उद्योग है, जिससे इस क्षेत्र का आर्थिक विकास हो सके। उद्योगों के अभाव में बेरोजगारी के कारण लोग अन्य राज्यों को पलायन कर जाते हैं। इस क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास उत्तर प्रदेश में काफी पीछे है। इस क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए लघु और कुटीर उद्योगों को भी बढ़ावा देना होगा, जो नहीं दिया गया है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस क्षेत्र के आर्थिक विकास और आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए यहां पर कोई आधारभूत और भारी उद्योग लगाया जाये और लघु और कुटीर उद्योगों के लगाने हेतु उद्यमियों को करों में राहत दी जाये और उपलब्ध कच्चे माल के आधार पर उद्योग स्थापित किये जायें।